# ISWK SHARING KNOWLEDGE

## Class IX

## Subject- Hindi Second Language

## Topic-

# सन्देश लेखन – पुनरावृत्ति

By- आचार्य सुशील शर्मा

©ISWK

# सन्देश लेखन

## क्या लिखना आवश्यक नहीं है : -

- ❖ सम्बोधन के साथ अभिवादन आवश्यक नहीं है ।
- ❖ स्थान एवं विषय लिखना आवश्यक नहीं है ।
- ❖ अंत में आपका पुत्र, तुम्हारा मित्र न लिख कर सीधे क ख ग / अ ब स या प्रश्न में दिया नाम लिखें ।

सन्देश लेखन में पाठ्यक्रम में शामिल है शुभकामना, पर्व – त्यौहार एवं विशेष अवसरों पर दिए जाने वाले सन्देश ।

# सन्देश लेखन

**क्या लिखना आवश्यक नहीं है : -**

- सम्बोधन के साथ अभिवादन आवश्यक नहीं है ।
- स्थान एवं विषय लिखना आवश्यक नहीं है ।
- अंत में आपका पुत्र, तुम्हारा मित्र न लिख कर सीधे क ख ग / अ ब स या प्रश्न में दिया नाम लिखें ।

सन्देश लेखन में पाठ्यक्रम में शामिल है शुभकामना, पर्व – त्यौहार एवं विशेष अवसरों पर दिए जाने वाले सन्देश ।

# सन्देश लेखन का प्रारूप

सन्देश

दिनांक

समय

{एक लाइन छोड़िए}

जिसे संबोधित किया जाए

विषय प्रस्तुति / विषय का विस्तार

**{एक लाइन छोड़िए**

**अ ब स**
**{ प्रेषक }**

## ओमान की टेबल टेनिस टीम के कप्तान चुने जाने पर मित्र / सखी को बधाई –सन्देश लिखिए ।

# सन्देश

30 जून 2020 प्रात: - 8: बजे

प्रिय दिनेश बहुत – बहुत बधाई । आज के समाचार – पत्र में तुम्हारा फोटो देखा । ओमान की टेबल टेनिस टीम के कप्तान चुने गए हो । टेबल टेनिस के प्रति तुम्हारी दीवानगी और तुम्हारी लगन तुम्हें यहाँ तक ले आई है । मुझे विश्वास है कि अपने शानदार खेल से एक दिन तुम भारतीय टीम में अवश्य शामिल होंगे । एक बार पुन: ढेर सारी शुभकामनाएँ ।

अ ब स



अ. ब. स. विद्यालय

**सूचना**

अंतर्विद्यालय हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता

दिनांक

सभी विद्यार्थियों को बड़े हर्ष के साथ यह सूचित किया जाता है कि हमारे विद्यालय में एक अंतर्विद्यालय हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

दिनांक: ............

समय: .............

स्थान: .............

विषय: ..............

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें-

---

क. ख. ग.

(अध्यक्ष)

हिंदी साहित्य सभा

रिश्तेदार को लॉकडाउन के दौरान सुरक्षित रखने हेतु संदेश लेखन लिखें।

## संदेश

दिनांक ---          समय ---

प्रिय मामा जी

आजकल लॉकडाउन के दौरान आप अपने आप को सुरक्षित रखने हेतु हाथों को साबुन से बार-बार साफ करें। गर्म पानी पीयें और नियमित योग करें ताकि आप बीमारी से बचे रहें।

"घर पर रहें सुरक्षित रहें"

क. ख. ग

# संदेश

**दिनांक 25 मार्च 2020** **समय :5.30 pm**

मां अग्रवाल आंटी का फोन आया था।आप घर में नहीं थी।इसीलिए फोन मैंने उठाया था।आंटी को आपसे कोई जरूरी बात करनी है। इसीलिए आप घर पहुंचते ही उन्हें फोन करना।

सौरभ

## जन्मदिवस पर शुभकामनाएं शुभकामना संदेश।

"तुम जियो हजारों साल,
साल के दिन हो पचास हजार"

दिनांक 10 मार्च 2020

समय 12:04 a.m

प्रिय बेटा अभिषेक जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आप दीर्घायु हो, स्वस्थ रहें और जीवन में निरंतर उन्नति के मार्ग पर अग्रसर रहें ।यही मेरी ईश्वर से प्रार्थना है।

कामिनी

## केंद्रीय विद्यालय, जलवायु विहार, दिल्ली

## सूचना

08 अगस्त, 20XX

### कवि सम्मेलन का आयोजन

आपको यह जानकर अतीव हर्ष होगा कि लोगों में देशभक्ति भावना भरने करने के लिए विद्यालय परिसर में देशभक्ति पूर्ण कविता-पाठ का आयोजन किया जा रहा है जिसमें शहर के प्रसिद्ध कवियों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम इस प्रकार है—

दिनांक — 14 अगस्त

समय — सायं 7 बजे

स्थान — विद्यालय परिसर

कार्यक्रम में प्रवेश पास द्वारा ही दिया जाएगा। पास के लिए अधोहस्ताक्षरी से संपर्क करें।

प्रत्यूष

(सचिव)

सांस्कृतिक इकाई

**सामुदायिक भवन**

**संतनगर, दिल्ली**

**सूचना**

11 मार्च, 20XX

**आँखों का नि:शुल्क इलाज एवं चश्मा वितरण**

इस कॉलोनी के सभी लोगों को सूचित किया जाता है कि वृद्धों के प्रति समर्पित संस्था 'ज्योति आई केयर फाउंडेशन' द्वारा अपनी कॉलोनी में एक कैंप लगाया जाएगा जिसका विवरण इस प्रकार है—

| | | | |
|---|---|---|---|
| दिन | — | 20 मार्च, 20XX, रविवार | |
| समय | — | प्रात: 8 बजे से सायं 5 बजे | |
| पात्रता | — | आँखों का मुफ़्त इलाज | — 50 साल से अधिक उम्र |
| | | मुफ्त चश्मा वितरण | — 60 साल से अधिक उम्र |

आप अपने निकट संबंधियों को कैंप में लाएँ और इसका लाभ उठाएँ। कृपया आयु का प्रमाण-पत्र अवश्य साथ में लाएँ।

किशोर कश्यप

सचिव

# स्वतंत्रता दिवस पर शुभकामना संदेश



दिनांक 15 अगस्त 2020

समय 6:00 a.m.

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
आइए स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर हम सब मिलकर अपने देश को बहुमुखी विकास के मार्ग पर अग्रसर करने का दृढ़ संकल्प लेते हैं।

मुख्यमंत्री

**प्रश्न १- गणतंत्र दिवस पर देशवासियों के लिए शुभकामना संदेश लिखें |**

गणतंत्र दिवस हेतु शुभकामना संदेश



०२/०४/२०२०

६:०० प्रातः

**सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ। युवा भविष्य के निर्माता हैं, इसलिए इस अवसर पर हमें अपने प्यारे भारत देश के लिए कुछ करने का संकल्प लेना चाहिये, आज हम सभी अपने जीवन के हर कदम पर ईमानदारी और ग़रीबों की सेवा का संकल्प लेते हैं |**

**विजय शंकर तिवारी**

# धन्यवाद

स्वस्थ रहें! सुरक्षित रहें!

घर में रहें !!!